पर्यटन विभाग, राजकीय महाविद्यालय नरेन्द्रनगर।

विभागीय परिषद् का गठन

राजकीय महाविद्यालय, नरेन्द्रनगर में पर्यटन विभाग विभागीय परिषद् का गठन कर अमन शाह को सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुना गया। इस अवसर पर परिषद् की ओर से आयोजित निबंध प्रतियोगिता में प्रिया चौहान एवं तत्क्षण भाषण में अमन ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

बृहस्पतिवार को पर्यटन विभाग विभागीय परिषद् के द्वारा आयोजित कार्यक्रम का उद्घाटन पर्यटन में खास स्थान रखने वाले प्रशिक्षक धर्मेन्द्र नेगी ने किया। उन्होंने पर्यटन शिक्षा पर जोर देते हुए कहा कि रोजगार के अवसरों से परिपूर्ण पर्यटन उद्योग का लाभ सभी छात्रों को लेना चाहिए।

इस अवसर पर आयोजित निबंध प्रतियोगिता में अजय पंवार दूसरे, विकास सिल्सवाल तीसरे स्थान पर रहे। विभागीय परिषद् में अजय पंवार उपाध्यक्ष, कुलदीप सचिव, प्रिया सहसचिव व सुधीर कोषाध्यक्ष चुने गये। इस मौके पर डॉ0 संजय महर, डॉ0 विजय भट्ट, शिशुपाल, अजय, गणेश, सौरभ, प्रियांशु इत्यादि मौजूद रहे।

विभागीय परिषद्
पर्यटन विभाग
हार्दिक स्वागत एवं अभिनन्दन